**खबर संक्षेप**

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती पर भाजपा कार्यालय में लगेगी प्रतिमा

**मण्डला।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में 6 जुलाई 2026 को भाजपा जिला कार्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रवादी विचारक, शिक्षाविद् एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय परिसर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। वही कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं का भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में संगठन के प्रति समर्पण और योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान करने के उद्देश्य से ₹समर्पण निधि सम्मान₹ कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। जिसमें समर्पण भाव से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन में मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते सहित प्रदेश एवं जिले के अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता की उपस्थित रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी ने जिले के सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### प्रोपराईटर के हस्ताक्षर नहीं और आहरित हो रहे लाखों रूपये

# ग्राम पंचायतों में फर्जी बिलों का खेल

* **मनमाने दामों पर खरीदी जा रही निर्माण सामग्री एवं अन्य वस्तुयें।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




त्रि-स्तरीय पंचायत राज व्यवस्था में प्रारंभ से ही पारदर्शिता के दावे किये जाते रहे हैं और इसके लिये नियम एवं व्यवस्थायें भी बनाई गई हैं पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक विभिन्न समितियाँ एवं जनप्रतिनिधियों और अधिकारी, कर्मचारियों के दायित्व निर्धारित किये गये हैं ताकि किसी भी स्थिति में न तो फर्जी भुगतान हो और न ही गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य।

लेकिन हमारे जिले की तो बात ही निराली है यहां पंचायतें स्वयं में एक सरकार की तरह काम कर रही हैं न तो इन्हें जनपद के किसी अधिकारी का डर है और न ही जिला पंचायत के कोई अधिकारी, कर्मचारी इन पर दबाव बना पा रहे हैं। स्थिति यह है कि पंचायतों में पदस्थ पंचायत समन्वयक महज बाबूगिरी के कार्य एवं डाक लाने ले जाने तक ही सीमित रह गये हैं। पंचायत के किसी भी निर्माण कार्य एवं भुगतान में इनकी कोई भूमिका नहीं होती महज सरपंच, सचिव भी मिलकर पूरा खेल खेल रहे हैं। अधिकांश स्थानों पर जहां कि महिला सरपंच है या फिर कोई सीधा-सादा ग्रामीण सरपंच बना है तो सचिव की तो बल्ले-बल्ले है। मनमाने बिलों को लगाकर राशि आहरित की जा रही है जिन लोगों के नाम से बिल लग रहे हैं वे कौन इसका न तो किसी को कोई पता है और न ही कोई बताने वाला है।

इसी तरह कुछ पंचायतें ऐसी हैं जहां पर कि एक ही फर्म के बिल विभिन्न तरह की सामग्रियों एवं सुविधाओं के उपयोग हेतु लगाये जा रहे हैं अब ये बिल कितने सही हैं यह तो जांच के बाद ही साबित हो पायेगा लेकिन प्रथम दृष्टया ही ये बिल फर्जी दिखाई दे रहे हैं इसके पीछे कारण है कि बिल में सरपंच, सचिव के तो हस्ताक्षर एवं सील नजर आ रही है लेकिन जिस फर्म के बिल हैं न तो उस फर्म की सील ही नजर आ रही है और न ही प्रोपराईटर के हस्ताक्षर हैं।

### किस बात का होता आडिट

पंचायतों में हुये भुगतान एवं लेन-देन की बारीकियों को जांचने और भुगतान प्रक्रिया नियम से हुई है अथवा नहीं इसकी जांच के लिये सरकार द्वारा आडिट की व्यवस्था की गई है और आडिटर का काम ही होता है कि पंचायत को कितनी राशि विभिन्न मदों से प्राप्त हुई और पंचायत द्वारा उसे कहां-कहां खर्च किया गया, किस-किस व्यक्ति के नाम से राशि आहरित की गई या किन फर्मो को भुगतान किये गये यह नियम से हुआ है अथवा नहीं इसकी गंभीरता जांच की जाये और जहां कहीं भी नियमों की अनदेखी हुई है उसे प्रशासन के समक्ष लाया जाये लेकिन होता कुछ और ही है। आडिट के नाम पर सिर्फ लीपा-पोती हो रही है हर किसी व्यक्ति का पारिश्रमिक निश्चित कर दिया गया है वे इसे लेकर अपना मुंह बंद कर लेते हैं इसके अलावा जनपद एवं जिला पंचायत के जो जिम्मेदार हैं उनकी भी कमोवेश इसी तरह की भूमिका होती है यदि इनके द्वारा समय-समय पर पंचायत की कैशबुक एवं प्रस्ताव रजिस्टर की जांच की जाये तो इस तरह की कमियाँ आसानी से पकड़ी जा सकती है।

### ग्राम पंचायत खापाकला के सामने आये फर्जी बिल

पिछले दिनों सूचना के अधिकार के तहत ग्राम पंचायत खापाकला से देयकों के जो बिल मांगे गये उनमें अधिकांश बिल ऐसे हैं जिसमें जिस फर्म के बिल हैं उनमें न तो फर्म के प्रोपराईटर की सील ही लगी है और न ही उसके हस्ताक्षर बिल में हैं लेकिन ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव के बाकायदा हस्ताक्षर भी हैं और सील भी नजर आ रही है।

ऐसे दर्जनों बिल हैं जिनके माध्यम से लाखों रूपये का भुगतान पंचायत द्वारा किया गया है अब ये भुगतान कितने सही हैं इसकी जांच कौन करेगा और क्या ईमानदारी जांच हो पायेगी या फिर पहले की तरह लीपा-पोती करके मामले को ठण्डे बस्ते में डाल दिया जायेगा।

### एक ही फर्म के दर्जनों बिल

ग्राम पंचायत खापाकला में लगभग 90 फीसदी बिल एक ही फर्म के है जो कि मिक्सर मशींन, पानी का टेंकर, सेंटिंग, रेत, गिट्टी, टेन्ट, स्पीकर सेट के अलावा बहुत सी सामग्रियों के हैं यानि काम कुछ भी हुआ हो बिल इसी फर्म के पंचायत में लगे हैं और भुगतान इसी फर्म के नाम से निकाला गया है जबकि बिल में प्रोपराईटर के न तो हस्ताक्षर हैं और न ही सील।

अब इन बिलों को तो सही नहीं माना जा सकता या तो फर्म से खाली पंचायत द्वारा ले लिये गये और मनमानी सामग्री मनमाने दरों पर लिखकर बिल बनाये गये और इन बिलों के माध्यम से लाखों रूपये आहरित कर लिये गये।

## पुलिस का नही दिख रहा खौफ सरेआम अलग-अलग इलाकों से वाहन हो रही चोरी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नगर मुख्यालय के कोतवाली थाना क्षेत्र में लगातार हो रही दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं से लोग परेशान हो गए हैं हालात ऐसे बन चुके हैं कि अब आम नागरिकों के साथ-साथ पत्रकार भी वाहन चोरों के निशाने पर हैं। बीते कुछ दिनों में शहर के अलग-अलग इलाकों से कई मोटरसाइकिलें चोरी हो चुकी हैं लेकिन अधिकांश मामलों में अब तक पुलिस के हाथ खाली हैं। चोरी की घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा जबकि पुलिस की ओर से हर बार जल्द खुलासा करने और अपराधियों तक पहुंचने का दावा किया जाता है। जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग दिखाई दे रही है। शहरवासियों का कहना है कि वाहन चोरी अब कोई इक्का-दुक्का घटना नहीं रह गई है बल्कि यह लगातार होने वाला अपराध बन चुका है। बाजार अस्पताल सरकारी कार्यालय रिहायशी इलाके और भीड़भाड़ वाले स्थानों से भी वाहन चोरी हो रहे हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि चोर बिना किसी डर के शहर में सक्रिय हैं। लोगों का आरोप है कि यदि रात्रिकालीन गश्त प्रभावी होती और संदिग्ध लोगों पर नियमित निगरानी रखी जाती तो वाहन चोर इतनी आसानी से वारदातों को अंजाम नहीं दे पाते। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जिन लोगों की गाडियां चोरी हुई हैं उनमें कई मामलों में अब तक कोई ठोस सफलता सामने नहीं आई है। वाहन मालिक लगातार थाने के चक्कर काट रहे हैं लेकिन उन्हें केवल जांच जारी होने का भरोसा दिया जा रहा है। चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं होने से लोगों में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। नागरिकों का कहना है कि यदि शुरुआती जांच तेज गति से हो आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तत्काल खंगाली जाए और संदिग्धों से पूछताछ की जाए तो चोरी के मामलों का खुलासा संभव है। लेकिन कई मामलों में शुरुआती जांच की रफ्तार ही धीमी दिखाई देती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कोतवाली क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। पुलिस की गाडियां सडक़ों पर कम और कागजों में ज्यादा दौड़ती नजर आती हैं। यही वजह है कि अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। चोरों को यह भरोसा हो गया है कि वारदात के बाद उनके पकड़े जाने की संभावना बेहद कम है। इसी का फायदा उठाकर वे लगातार एक के बाद एक वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। शहर में चर्चा का विषय यह भी है कि अब पत्रकारों के वाहन भी सुरक्षित नहीं हैं।

## जन शिक्षण संस्थान ने सामाजिक कार्यकर्ता अम्बिका तिवारी का किया सम्मान............



**मण्डला।** जन शिक्षण संस्थान, महाराजपुर (मण्डला) द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता अम्बिका तिवारी को समाज एवं संस्थान के प्रति उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक अखिलेश पाण्डेय ने उन्हें प्रशंसा-पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री द्विवेदी, मैडम खान सहित संस्थान के सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अम्बिका तिवारी के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उनके योगदान को प्रेरणादायी बताया। सम्मान प्राप्त करने के उपरांत अम्बिका तिवारी ने जन शिक्षण संस्थान के निदेशक एवं समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें समाजहित में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा।

## कम उपस्थिति पर जिला शिक्षा अधिकारी सख्त

* **प्राचार्यों को दिए आवश्यक निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े ने नारायणगंज विकासखंड के अंतर्गत शासकीय एकीकृत बालक हाई स्कूल नारायणगंज, कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास नारायणगंज तथा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मंगलगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम पाई गई। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने संबंधित प्राचार्यों को शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालयों में नामांकन की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रत्येक छात्र की ''अपार आईडी'' समय-सीमा में तैयार कराने के लिए कहा।

उन्होंने ''राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेधावी छात्रवृत्ति'' परीक्षा की तैयारियों पर विशेष ध्यान देने तथा ''दिव्यांग विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति'' के लिए ''एनएसपी पोर्टल'' पर पात्र विद्यार्थियों का शीघ्र पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शासन की सभी शैक्षणिक एवं छात्रहितैषी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र विद्यार्थी तक समय पर पहुंचना चाहिए। उन्होंने विद्यालय प्रमुखों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए सभी आवश्यक शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## श्री जी की निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जी में श्री सम्मेद शिखर जी से मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज के सानिध्य में पंचकल्याणक महामहोत्सव में (प्रतिष्ठाचार्य ब्र. अभय भैया जी द्वारा) श्री श्रेयांसनाथ जी भगवान, श्री शांतिनाथ जी भगवान प्रतिष्ठित हुए। जिनकी आगवानी शोभायात्रा का सौभाग्य मंडला जैन समाज को प्राप्त हुआ। प्रातः 7:30 बजे से 105 आर्यिका उपशांत मति माता जी ससंघ के सानिध्य में आदरणीय बाल ब्र . राकेश भैया जी दीदी जी के निर्देशन में शोभायात्रा निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुये शोभायात्रा में पुरुष कुर्ता पैजामा धोती दुपट्टा एवं महिलाएं महिला मंडल की रेड साड़ी या मिलती जुलती साड़ी पहनकर आए पाठशाला के सभी बच्चे भी शोभायात्रा में शामिल हुये श्री जी की भव्य आगवानी अभिषेक शांतिधारा आरती सभी कार्यक्रम आर्यिका उपशांत मति माता जी म संसंघ के सानिध्य में ब्र. राकेश भैया जी के निर्देशन में सानंद संपन्न हुये। पश्चात मिष्ठान वितरण भी हुआ। समाज के सभी श्रावक श्राविकाओं ने भी कार्यक्रम में बहुत सहयोग दिया। पुर्ण्याजक बाल ब्र. अभय भैयाजी, जयकुमार अशोक अमरदीप हितेश आदि जैन समस्त दादी परिवार मंडला स्थान-जैन भोजनालय बस स्टैंड मंडला से श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जी के लिए प्रस्थान किया।

**पौधारोपण** | **म.प्र.जन अभियान परिषद् के स्थापना दिवस पर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प।**

# समाजकार्य के विद्यार्थियों ने किया पौधारोपण

* **रानी दुर्गावती प्रांगण पर हुआ पौधारोपण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



म.प्र. जन अभियान परिषद् का आज दिनांक 04 जुलाई को स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर समाजकार्य विद्यार्थियों ने रानी दुर्गावती महाविद्यालय बड़ीखैरी मंडला के प्रांगण पर पौधारोपण कर स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान विकास खण्ड समन्वयक संतोष कुमार झारिया ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस एवं स्वैच्छिकता पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दी और कहा कि 04 जुलाई से 12 अगस्त 2026 तक आयोजित स्वैच्छिकता पर्व के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, सामाजिक समरसता एवं जनभागीदारी के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाने का यह अभियान हम सभी के लिए प्रेरणादायी है।

आइए, एक पेड़ माँ के नाम, स्वच्छता अभियान एवं जनजागरूकता गतिविधियों में सहभागी बनकर स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दें।

इसी कड़ी में परामर्शदाता लाला राम चक्रवर्ती ने बताया कि समस्त विकासखंडों में समाजकार्य स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का संचालन हो रहा हैं, इस पाठ्यक्रम के माध्यम से MSW और BSW का कोर्स संचालित हो रहा हैं। विकासखंडों को 5 सेक्टर में बांट कर प्रत्येक सेक्टर में एक-एक नवांकुर संस्थाओं के माध्यम से ग्राम स्तर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का गठन व कार्यक्रमों का संचालन कर रहे हैं। शासन के अन्य विभागों की योजनाओं को ग्राम के प्रत्येक हितग्राही तक आसानी से पहुंचाने के लिये, म.प्र.जन अभियान परिषद् ने पिछले अनेक वर्षों में स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से एक ऐसा तंत्र स्थापित किया हैं, जो बहुत ही अच्छे तरीके से कार्य कर रहा हैं।

मंडला विकासखंड में विगत वर्षों में 5 सेक्टर (मंडला, पदमी, लिंगा पौंडी, बकौरी, महाराजपुर) बनाकर नवांकुर व प्रफुटन समिति के माध्यम से विकासकार्य किये जा रहे हैं। अनेक वर्षों से रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला में समाजकार्य स्नातक व स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों हेतु MSW व BSW का कोर्स संचालित हो रहा हैं । इन समाजकार्य विद्यार्थियों को प्रयोगशाला ग्राम भी सेक्टर स्तर पर आवंटित हैं, जहाँ पर विद्यार्थी लोग प्रदत्त कार्य को उस आवंटित ग्रामों में प्रयोग करते हैं।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य टी.पी. मिश्रा जन अभियान परिषद् सराहना करते हुए कहा कि जन अभियान परिषद् शासन और समाज के बीच सेतु का कार्य करती हैं। संतोष कुमार रजक ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई, इस दौरान सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के नोडल अधिकारी खान सर, समस्त परामर्शदाता आशीष नामदेव, संतोष रजक, रागिनी हरदहा, दीपा श्रीवास, लालाराम चक्रवर्ती एवं समाजकार्य विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## ट्रक से डीजल चोरी करने वाले फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



पुलिस अधीक्षक मंडला राजेश रघुवंशी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिव कुमार वर्मा एवं एसडीओपी नैनपुर मनीष राज के मार्गदर्शन में थाना नैनपुर पुलिस ने ट्रक से डीजल चोरी के प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया ।

दिनांक 26 जून 2026 को शिकायतकर्ता शेख शरीफ कुरैशी पिता शेख मोहम्मद कुरैशी, निवासी उमरानाला, थाना मोहखेड़, जिला छिंदवाड़ा द्वारा थाना नैनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 21 जून 2026 की रात्रि वह गेहूं लेकर ट्रक क्रमांक MH-40-9586 से नैनपुर आया था तथा निवारी क्षेत्र में ट्रक खड़ा कर विश्राम किया। अगले दिन ट्रक की डीजल टंकी की जांच करने पर उसमें से लगभग 150 लीटर डीजल अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी किया जाना पाया गया। रिपोर्ट पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है, जो वर्तमान में न्यायिक अभिरक्षा में निरुद्ध है। प्रकरण में फरार दूसरे आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी।

इसी क्रम में दिनांक 03 जुलाई 2026 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने अखिलेश राजपूत पिता गंगा सिंह राजपूत, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम सालीवाड़ा, थाना नैनपुर, जिला मंडला को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से 72 लीटर चोरी का डीजल बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

आरोपियों में अखिलेश राजपूत पिताःगंगा सिंह राजपूत उम्रः33 वर्ष निवासीःग्राम सालीवाड़ा, थाना नैनपुर, जिला मंडला शामिल है।

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मंशाराम वगेन, उप निरीक्षक दीपक बघेल, प्रधान आरक्षक राजेश उईके, आरक्षक नवीन, ओमप्रकाश एवं रंजीत की सराहनीय भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### कन्या नवीन में आयोजित विकासखंड स्तरीय बैठक में दिये जरूरी दिशा निर्देश



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नया शिक्षा सत्र शुरू होने के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिये जहां शिक्षण संस्थाओं की गतिविधियों पर नजर रखे हुये है तो दूसरी ओर बैठको का आयोजन करते हुये जरूरी दिशा निर्देश दिये जा रहे है। इसी के चलते बीते हुये दिवस स्थानीय पीएमश्री शासकीय कन्या नवीन स्कूल मे साईंखेड़ा ब्लॉक के सभी शासकीय स्कूलों के प्राचार्यो, बीएसी एवं सीएसी की बैठक आयोजित की गई। बताया जाता है कि इस बैठक में सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे ने कहा कि नये सत्र 2026-27 में स्कूलों में लंबित अपार आईडी, एमपी टास्क सहित अन्य कार्य प्राथमिकता से पूर्ण होना चाहिये। वही सभी प्राचार्य समय रहते हुये इस दिशा में त्वरित रूप से कार्य करें। इस दौरान प्राचार्य प्रतुल इंदुरख्या ने कहा कि छात्रवृत्ति, प्रोफाइल अपडेशन सहित सभी आवश्यक कार्य जल्द निपटाएं। बीआरसी संदीप स्थापक ने कहा कि नामांकन एवं निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के वितरण से जुड़े कार्य जल्द पूर्ण करें। स्कूलों के जर्जर कमरों में बच्चों को न बैठाएं एवं एक पेड माँ के नाम अभियान में सभी सहयोग करें और अधिक से अधिक पौधे लगाये गये।

### आखिर क्या है पेट्रोल डीजल गुणवत्ता की सच्चाई

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** मिलावट के युग मे वाहनों मे प्रयुक्त हो रहे पेट्रोल डीजल के शुद्ध होने की कल्पना करना ही व्यर्थ है,क्योंकि इसके पूर्व जब नगर में चंद पेट्रोल पंप हुआ करते थे तो उन पर मिलने वाले पेट्रोल व डीजल की गुणवत्ता पर विश्वास किया जाता था, मगर इस समय देखा जा रहा है कि शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार खुल रहे पेट्रोल पंपो के चलते उनसे मिलने वाले ईंधन की गुणवत्ता पर विश्वास करना एक मुश्किल भरा काम हो गया है? बताया जाता है कि इस तरल ईंधन मे मिट्टी के तेल की मिलावट होने से वाहनों से निकलने वाला सफेद गाढ़ा काला धुआं लोगों के स्वास्थ्य को खराब कर रहा है,संबंधित विभागीय अधिकारी कभी कभार इक्का दुक्का वाहनो को पकड़कर मात्र अपनी औपचारिकता निभा खानपूर्ति कर विज्ञप्तियों के माध्यम से वाह वाही लूटने मे परहेज नही कर रहे है? नगर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में दौड़ने वाले सैकड़ो ऐसे वाहन होते है, जिनमे शुद्ध रूप से पेट्रोल व डीजल का उपयोग नही हो रहा है? क्योंकि सड़को पर दौड़ने वाले इन वाहनों में मिलावटी ईंधन के कारण इन वाहनों से जो सफेद काला गाढ़ा धुआं निकलता है,उसमे कार्बन की संख्या अधिक रहती है,वायु के साथ कार्वन के ये न दिखने वाले कण वाहनों के आस पास मौजूद लोगो के शरीर मे प्रविष्ट होते ही है साथ ही कपड़ो मे भी चिपक जाते है,लोंगों द्वारा रूमाल से अगर चेहरा या शरीर पोछा जाता है तो वह काला हो जाता है, इस समय देखा जा रहा है कि भारी वाहनों विशेषकर ट्रक, डम्फर तथा जीप व क्षेत्र में संचालित टैक्सियों मे डीजल का प्रयोंग किया जाता है, उसमें वाहन माहिलों द्वारा सर्वाधिक मिलावट की जाती है,हलांकि पेट्रोल चलित वाहनों विशेषकर दुपहिया वाहनों जिनकी संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है, अतःउनके द्वारा भी वातावरण को प्रदूषित करने के आलावा लोगों को बीमारियां परोसी जा रही है, चिकित्सकों का कहना है कि वातावरण मे कार्वन की मात्रा बढ़नें के कारण शहर के लोगों मे श्वास व ह्रदय रोग संबंधी शिकायतें बढ़ गयी है।

### सालीचौका सीमेन्ट सड़क के निर्माण गुणवत्ता पर खड़े हो रहे सवाल?

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** सरकार द्वारा जिस प्रकार से ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को सुविधाएं प्रदान करने की सोच को ध्यान में रखते हुये करोड़ो रूपया खर्च करते हुये गांव गांव पक्की सुविधा जनक सड़को का निर्माण कार्य कराया जाता है। मगर निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सियों द्वारा उन निर्माण कार्यो को अधिकारियों की मिलीभगत के माध्यम से किया जाता है वह चंद दिनों ही चल पाने से नही चूक पाते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय करोड़ो रूपया की लागत से कुछ साल पहले ही निर्मित हुई सूखाखैरी से बारहाबड़ा होते हुये सालीचौका सीमेन्ट सड़क के निर्माण कार्य की गुणवत्ता उभर कर सामने आने लगी है। बताया जाता है कि इस सीमेन्ट सड़क के निर्माण कार्य को लेकर निर्माण कार्य के शुरूआती तौर से ही सबाल खड़े होने से नही चूक पा रहे थें। क्योंकि लगभग तीन वर्ष पहले सड़क का जब निर्माण कार्य की शुरूआत हुई थी ।

# खंडहर में तब्दील हो रहे नगर में बने हुये अनेक शासकीय भवन, प्रशासन द्वारा जागरूकता नही दिखाई जाने के कारण बर्बाद हो रही करोड़ों की सरकारी संपत्ति







**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

प्रतिवर्ष देखा जा रहा है कि नगर सहित क्षेत्र में आये दिन शासकीय भवनों के निर्माण को लेकर जहां आधार शिलाएं रखी जा रही है। वही दूसरी ओर आये दिन नगर में नव निर्मित भवनों का अधिकारियों से लेकर नेताओं द्वारा लोकापर्ण करते हुए मिठाईयाँ खाते हुए नगर को सौगाते प्रदान कराने की बात कहते हुये खूब वाही वाही लूटी जा रही है...? जबकि नगर के अंदर गौर करने वाली बात तो यह है कि जिस प्रकार से नगर के अंदर करोड़ो की लागत से बनने वाले इन शासकीय भवनों के निर्माण कार्यो की सच्चाई चंद दिनों के अंदर ही लोगों के सामने आने से नही चूक रही है कि आखिर में शासन द्वारा दिये गये लाखों रूपया में क्या खेल हुआ है..? यदि भवन निर्माण के कार्यो की सच्चाई देखी जावे तो आज से कई वर्षो पूर्व नगर में अनेक ऐसे शासकीय भवनों का निर्माण हुआ है जो आज शासन प्रशासन की उदासीनता के चलते खंडहर जरूर हो रहे है। मगर उनके निर्माण कार्यो की गुणवत्ता एवं वर्तमान समय में उससे कई गुना अधिक राशि से बनाये जाने वाली शासकीय भवनों की गुणवत्ता में काफी अंदर देखा जा सकता है? कुछ इसी प्रकार की स्थिति नगर में जहां तहां पड़ी हुई शासकीय भूमि की देखने मिल रही है, जिनको लेकर कहा जा रहा है कि जिसकी मर्जी जहां होती है वह शासकीय भूमि को अपने कब्जे में लेते हुए उस पर अतिक्रमण कर आलीसान भवन व दुकानों का निर्माण करते हुए कमाई करने में लग जाता है। इस बात की सच्चाई नगर में आसानी से जहां तहां देखने मिल सकती है...? जबकि गौर किया जावे तो शासन प्रशासन तथा पुलिस व नपा. द्वारा सदा शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने की घोषणाऍ तो की जाती है पर वास्तविकता यह है कि नगर में पड़ी हुई शासन की बहुमूल्य जमीन अभी तक अतिक्रमण की भेंट चढ़ी हुई है, ऐसे में जाहिर है कि शहर से अतिक्रमण का जाल हटाने को लेकर शासन प्रशासन के दावे खोखले साबित हो रहे है ओर नगर के सौंदर्यीकरण को पूर्णरूप से ग्रहण लगता हुआ जान पड़ रहा है? अक्सर देखा जाता हे कि जब भी नगर में अतिक्रमण हटाने की शुरूआत होती है तो मात्र चंद गरीबों के मकानों को हटाते हुए जब किसी प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा मनमानी तरीके से अतिक्रमण करते हुए पक्का निर्माण किया गया है उसे हटाने की नौबत आते है अतिक्रमण को विराम लग जाता है, जिसके चलते नगर में सौन्दर्यकरण काम अधर में लटका हुआ हुआ जान पड़ रहा है और नगर की शासकीय भूमियों पर अतिक्रमण हटने की जगह लगातार बढ़ते हुये देखा जा रहा है? उधर देखने में आ रहा है कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शान से अपने आफिसों में बैठे शासकीय अधिकारी इस बात पर ध्यान नहीं दे रहे हैं कि व्यापक जनहित में शहर की जर्जर होती शासकीय पुरानी इमारतों की सूची तैयार कर उनको ध्वस्त कराने या फिर उनका जीर्णोद्वार कराने की दिशा में प्रयास किए जाएॅ, जिससे करोड़ो की संपत्ति खंडहर के रूप में तब्दील हो चुकी यह शासकीय इमारते नगर की शोभा बन सके और म.प्र. शासन की राजस्व हानि से बचाया जा सके। वही यदि गौर किया जावे तो इस समय प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शासन की संपत्ति को लेकर कोई चिंता ही नजर नही आ रही है, जिसके चलते नगर में जहां तहां बने हुए शासकीय करोड़ो की राशि के शासकीय भवनों को बचाने के लिए न तो अधिकारी और न ही क्षेत्र के नेताओ द्वारा किसी भी प्रकार की कोई पहल की जा रही है जिसके चलते यह शासकीय भवन लगातार बदहाली का शिकार होने से नही चूक रहे है और इन भवनों में लगी हुई कीमती इमरती लकड़ी से लेकर अन्स सामग्री गायब होते हुये दिखाई देने लगी है? गौरतलब है कि नगर में शासकीय महाविद्यालय का पुराना भवन, पलोटन गंज स्थित कृषि विभाग का विशाल भवन तथा जनपद पंचायत की इमारत, पुरानी पुलिस चौकी के क्वार्टर, थाना के समीप अंग्रेजो के जमाने के पुलिस कर्मियों के क्वाटरे, उप पुलिस अधीक्षक का पुराना बंगला, शासकीय आवकारी विभाग का कार्यालय में बना हुआ भवन जो शोचनीय हालत में होने के साथ साथ वह निरंतर खंडित होते हुये देखे जा रहे है। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत का भवन जो पलोटन गंज स्थित जर्जर होते हुये देखे जा रहे है इस भवन का भीतर के भाग में लोग मूत्रालय के रूप में उपयोग होते हुये देखा जा रहा है जो खुलेआम शासन के स्वच्छता सर्वेक्षण को ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ रहा है..। वही इस भवन के रोशनदान, कुछ हिस्सा महफूज होने के बावजूद उसमें लगी सगौन की लकड़ी गायब होते हुये देखी जा रही है। ज्ञातव्य है कि उक्त भवनो की दुर्दशा इस सीमा तक हो चुकी है कि वे कभी भी गिरकर जनहनि का सबब बन सकते है। शहर के जागरूक नागरिकों का मानना है कि यदि उक्त शासकीय इमारतों के जर्जर हालत देख प्रशासन उन्हे तुड़वाने की कार्यवाही करे तो शासन की कीमती जमीन रिक्त हो सकती है और उसमें युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से सौकड़ों दुकानों का निर्माण किया जा सकता है। शहर के निवासियों ने क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की है कि वे शहर के जर्जर हो रहे इन शासकीय भवनो की दशा का अवलोकन कर उनके अच्छें दिन लाने की पहल करें।

## नगर के रहवासी क्षेत्र से लेकर कालोनियों में संचालित कबाड़ दुकाने बन रही परेशानी का कारण, किसी दिन बड़े हादसे की संभावना से नहीं किया जा सकता है इंकार..?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

इस समय नगर में जहां तहां फैली हुई कबाड़ की दुकानों की सच्चाई किसी से छिपी नही है जिन पर जहां खुलेआम चोरी का समान खरीदने के साथ साथ अन्य सच्चाई आये दिन पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही में सामने आती जा रही है...? क्योंकि कबाड़ के कारोबार के चलते जहां कबाड़ी चंद दिनों में लखपति बनने की सोच का परिणाम है कि यह कारोबार शहरों के साथ साथ अब गांवों में फैलता जा रहा है और इन कबाड़ दुकानों पर प्रकार की सामग्री खरीदी जाती है उसको पुलिस प्रशासन से लेकर क्षेत्र की आम जनता भी अच्छे से जान चुकी है..? मगर हैरत की बात है कि नगर के अंदर जहां तहां संचालित होने वाली इन कबाड़ दुकानों के चलते नगर के साथ साथ आस पास निवास करने वालो लोगों की जिन्दगी के लिए खुलेआम खतरे की घंटी बजते हुए देखी जा रही है..? नगर में संचालित होने वाली इन कबाड़ दुकानों की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो रहवासी क्षेत्र के साथ साथ अब आये दिन कुलियों से लेकर कालोनियों में तक स्थापित होने से नही चूक रही है..। मगर इसके बाद भी प्रशासन की चुप्पी जहां सबालों को जन्म देने से नही चूक रही है। वही लोगों का कहना है कि क्या किसी बडे हादसे के बाद ही प्रशासन की निंद्रा भंग होगी..? बताया जाता है कि इन दुकानों पर कबाड़ के रूप में खरीदा गया प्लास्टिक की सामग्री इस प्रकार से होती है कि यदि उसमें जरा सी आग लग जावे तो उसे काबू में कर पाना मुश्किल ही नही बल्कि नामुकिन हो सकता है जिसके कारण कबाड़ दुकान के साथ साथ यह आग संपूर्ण क्षेत्र को अपने आकोश में लेने चंद मिनिट ही काफी हो सकते है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुए कुछ वर्ष पहले उस समय देखने मिल चुकी है जब नगर के वायपास मार्ग व पेट्रोल पंप के पीछे संचालित होने वाले एक कबाड़ दुकान में देखा गया था। जब रात के समय अचानक आग लग जाने के कारण चंद मिनिट में ही आग ने अपना विकराल रूप ले लिया गया था। वह तो अच्छा यह हुआ की इस आग पर तुरंत काबू पा लिया गया नही तो पता नही नगर में क्या स्थिति निर्मित हो जाती इसकी कल्पना करना भी मुश्किल होने से नही चूक पाता है। क्योंकि जहां इस घटना स्थल से पेट्रोल पंपों की दूरी चंद कदम पर थी वही यह संपूर्ण क्षेत्र रहवासी माना जाता है जिसके चलते लोगों की जान पूर्णरूप से खतरे में नजर आने लगी थी..? इस घटना को देखते हुए लोगों का कहना है कि इस प्रकार से नगर के अंदर रहवासी क्षेत्रों सहित स्कूलो व अन्य रहवासी क्षेत्रों में संचालित हो रही है जिसके चलते वहां पर रहने वाले लोगों को खुलेआम खतरे की घंटी बजाते हुए जान पड़ रही है। इस प्रकार से नगर के अंदर जहां तहां रहवासी क्षेत्रों में कबाड़ खानों की भरमार देखी जा रही है जहां पर कबाड़ के रूप में एकत्र किये गये प्लास्टिक सामग्री का अम्बार लगा हुआ है जिसके चलते लोगों की जान खतरे से खाली नही देखी जा रही है..? वही दूसरी ओर इन दुकानों का सड़को पर सामग्री फैलाने के दौरान देखा जाता है कि लोहे की कील या फिर अन्य प्रकार की सामग्री कालोनियों व मुहल्लों की सड़को से निकलने वाले वाहन पंचर होने से नही चूकते है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को झेलने पड़ती है जो स्कूटी या फिर साईकिल से स्कूल आते जाते है। जब इन छात्र छात्राओं के वाहन पंचर होते है तो वह समय पर स्कूल नही पहुंच पाते है। इस तरह की परेशानियों को ध्यान में रखते हुये आमजन द्वारा शासन प्रशासन से मांग करते हुए कहा गया है कि इस प्रकार से संचालित होने वाले कबाड़ खानों को शहर के बाहर खुले मैदान में संचालित करने के आदेश जारी किये जावे जिससे लोगों की जान खतरे से बाहर आ सके..? यदि समय रहते प्रशासन द्वारा इस प्रकार के कबाड़ खानों पर ध्यान नही दिया गया तो किसी दिन बड़ी घटना घटित होने से इंकार नही किया जा सकता है?



## ओवर लोडिंग वाहनों पर अंकुश नहीं लगने के कारण आये दिन घटित हो रही सड़क दुर्घटनाएं

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** जिस प्रकार से क्षेत्र की सड़को पर अनेक वाहन लगातार ओवर लोडिंग सबारी भरकर दौड़ रहे है उसका ही परिणाम है कि आये दिन घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं लोगों की जान खतरे में पड़ने नही चूक रहे है, मगर इसके बाद भी पुलिस प्रशासन द्वारा इस सच्चाई को नजर अंदाज किये जाने से ओवर लोडिंग करने वालों के हौसले लगतार बुलंद होते हुए देखे जा रहे है। जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो बीते हुए कुछ समय पहले पुलिस मुख्यालय द्वारा दिये गये आदेश के चलते संपूर्ण प्रदेश में यातायात सप्ताह चलाते हुए इस प्रकार से मनमानी करने वाले वाहन चालकों पर अंकुश लगाने की कार्यवाही करने के आदेश दिये गये थें और इस आदेश का पालन करने में क्षेत्र की पुलिस द्वारा मात्र औपचारिकता निभाते हुए छोटे मोटे वाहनों के खिलाफ अपनी कार्यवाही का डंडा घूमते हुए पूर्ण कर दिया गया है जिसके चलते क्षेत्र की सड़कों पर आये दिन मौत का सायरन बजाते हुए ओवर लोड वाहन जहां तहां नजर आने से नही चूक रहे है..? जिसकी सच्चाई क्षेत्र में चलने वाले आटों सहित मैजिक गाड़ियों की देखी जा रही है जो अपने स्वार्थ के चलते इन वाहनों में जिस प्रकार से भेड बकरी की तरह सबारी बैठाकर उन वाहनों को सड़को पर जिस गति से दौड़ाते हुए देखे जाते है उसके चलते आये दिन घटना घटित होना आम बात होती चली जा रही है। इस प्रकार से ओवर लोडिंग वाहनों की सच्चाई को पुलिस प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि लोगों की जान खतरे से खाली दिखाई नही दे रही है। इतना ही नही साप्ताहिक बाजार के दिन तो स्थिति इस प्रकार से देखी जाती है कि इन वाहन चालकों द्वारा सबारियों को वाहन के अंदर बैठाने के साथ साथ उसकी छत पर तक बैठाते हुए आम लोगों की जिन्दगी के साथ खुलेआम खिलबाड़ करते हुए देखा जा रहा है। मगर इसके बाद भी पुलिस की चुप्पी अनेक संदेहों को जन्म देते हुए जान पड़ रही है।





# नगर की सड़कों पर पशुओं का टकराव जारी, वाहन चालकों की मुसीबतें बढ़ी

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

जहां एक ओर नगर की यातायात व्यवस्था पूर्णरूप से भगवान भरोसे चलते हुए देखी जा रही है, वही दूसरी ओर आवार जानवरों के शहर भर में विचरण करने से भी यातायात काफी हद तक प्रभावित होते हुए देखी जा रही है। इस सच्चाई को स्थानीय अखबारो द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी कोई पहल न होना निश्चित ही चिंताजनक सच्चाई सामने आ रही है? जबकि गौर किया जावे तो नगर के लोगों द्वारा लम्बे अरसे से हस प्रकार आवारा घुमने वाले पशुओं पर अंकुश लगाने के लिये गुहार लगायी जाती रही है मगर इस ओर नपा प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने का परिणाम हे कि आवारा जानवर सड़को पर मस्ती के मूढ में आते हुये आम लोगों की जिन्दगी के लिये खतरा बनने से नही चूक रहे है। जबकि लोगों की मांग है कि इन आवारा जानवरों को पकड़ने की व्यवस्था कर उत्पाती पशुओं को कांजी हौस में बन्द कर पशु पालकों को सबक सिखाये। मगर इसके बाद भी नपा प्रशासन द्वारा नगर में स्वच्छंद घूमने वाले जानवरों को नियंत्रण मे रखने के संबंध में कोई पहन न करना चिंता जनक सच्चाई को उजागर करते हुये जान पड़ने से नही चूक पा रहा है। वर्तमान में देखा जावे तो नगर के स्टैट स्तर के हाइवे मेन बाजार सहित जनपद कार्यालय व बच्चों के स्कूलों के आसपास दिन रात आवार जानवर आतंक मचाते नजर आ ही रहे है, इसके अलावा रात के समय में नगर की शालाओं के परिसरों, थाना प्रांगण, शासकीय कार्यालयों के घेरों में भी घरों से बेदखल जानवरों का जमावड़ा दिखायी पड़ने से नही चूक पा रहा है। नगर की मुख्य सड़क से लेकर कालोनियों की सड़को पर घूमने वाले इन पशुओं में आपसी लड़ाई का नजारा तो इस प्रकार से देखने मिलता है कि वह घंटो तक नगर की सड़को पर जाम की स्थिति निर्मित करने से नही चूकते है, जिसके चलते नगर की सड़को से निकलने वाले वाहन चालक असुरक्षित हो जाते है, क्योंकि इस प्रकार से मुख्य मार्गो पर मटर गस्ती के रूप में भ्रमण करने वाले पशुओं के कारण आये दिन स्कूली छात्र छात्राओं सहितत आम लोगों को घायल होते हुए देखा जाता है। इसी के चलते नपा प्रशासन से अपेक्षा व्यक्त की जा रही है कि वह अवारा जानवरों को चिन्हित कराये तथा उन्हे उन बेरहम पशु पालकों के हवाले करे जो दूध देने वाली गाय के गले मे तो घंटी बॉध उसकी पूजा करते है पर जैसे ही उसने दूध देना बन्द किया निर्मम ढंग से उसे आवारा जानवरों की जमात मे शामिल कर देते है।

# नगर में जहां तहां विक्रय हो रही मांस मछली के अवैध कारोबार के चलते नगर में फैल रही गंदगी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**



भले ही नगर पालिका द्वारा मांस मछली विक्रय करने के लिये जगह निर्धारित की गई है। मगर इसके बाद भी लोगों द्वारा नगर में जहां तहां खुलेआम मांस मछली का विक्रय करते हुये देखा जा रहा है जिसके चलते नगर का वातावरण तो प्रदूषित हो ही रहा है साथ ही साथ लोगों की धार्मिक भावनाओं को भी ठेंस पहुंचने से नही चूक रही है? इस प्रकार से मांस मछली विक्रय करने वालो की मनमानी पर अंकुश न लग पाना नपा प्रशासन की अनदेखी कही जावे या फिर पुलिस प्रशासन की उदासीनता को भी उजागार करने से नही चूक रही है..? जिसके चलते इस प्रकार से नगर में धडल्ले से जहां तहां हो रहे मांस मछली के विक्रय से नगर में गंदगी फैलने के साथ साथ लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेंस पहुंचने से भी नही चूक रही है? क्योंकि इस प्रकार से मांस मछली सहित अंडे का व्यापार करने वाले लोगों द्वारा न तो नगर के मंदिरों का ध्यान रखा जा रहा है और न ही शिक्षण संस्थाओं का जिसके चलते लोगों में इस प्रकार से खुलेआम बिक रहे मांस मछली के विक्रय को लेकर आक्रोश देखने मिल रहा है? इस प्रकार से धडल्ले से विक्रय होने वाले मांस मछली की सच्चाई इस समय नगर की पानी टंकी सहित सहित अन्य स्थानों पर देखने मिल रही है। बताया जाता है कि पानी टंकी के पास जहां नगर का एक मात्र गायत्री मंदिर स्थित है वही हनुमान मंदिर के साथ साथ शिक्षण संस्था भी स्थापित है, मगर इसके बाद भी यहां पर प्रतिदिन शाम के वक्त जहां खुलेआम मछली विक्रय होते हुये देखी जा रही है वही अनेक मांस की दुकाने भी संचालित हो रही है, इस स्थिति में जब कोई व्यक्ति मंदिर जाता है तो उसे सबसे पहले इस प्रकार से विक्रय होने वाली मांस व मछली पर नजर पड़ते हुये उसकी धार्मिक भावना को ठेस पहुंच रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई स्कूली बच्चों में भी देखने मिल रही है जिन्हें इस प्रकार खुलेआम विक्रय होने वाले मांस व मछली के चलते घृडा का शिकार होते हुये देखा जाता है। कुछ इसी प्रकार का हाल नगर के पलोटन गंज जाने वाले मार्ग पर देखी जा रही है जहां हनुमान मंदिर व आचार्य मंदिर से चंद कदम दूरी पर खुलेआम बिरयानी विक्रय का वोर्ड अपनी शोभा बढ़ाने से नही चूक रहा है, यही हाल नगर के अन्य स्थानों पर भी देखने मिल रहा है? इस प्रकार से निर्धारित स्थल के जगह नगर के प्रमुख व धार्मिक स्थलों के आसपास होने वाले मांस मछली विक्रय को लेकर न तो प्रशासन द्वारा कोई कदम उठाया जा रहा है और नही नपा प्रशासन द्वारा जिसके चलते नगर में खुलेआम गंदगी का महौल निर्मित होने से नही चूक पा रहा है। इस प्रकार से नगर की गलियों व धार्मिक स्थलों के आसपास होने वाले मांस मछली विक्रय पर अंकुश लगाने की मांग की जा रही है।

# हल्की बारिश में जलमग्न हो जाता है श्मशान घाट पुल, शिकायतों के बाद भी नहीं जागा नगर परिषद

### स्कूली बच्चोंए कॉलेज छात्र.छात्राओं और राहगीरों को रोजाना हो रही परेशानीए जल निकासी नहीं होने से बढ़ी समस्या

शहपुरा।

नगर परिषद शहपुरा की सफाई व्यवस्था और जल निकासी प्रबंधन एक बार फिर सवालों के घेरे में है। नगर के शहपुरा.उमरिया मुख्य मार्ग पर श्मशान घाट के समीप स्थित पुल पर हल्की बारिश होते ही जलभराव की स्थिति बन जाती है। सड़क पर जमा पानी के कारण राहगीरोंए स्कूली बच्चोंए कॉलेज छात्र.छात्राओं और स्थानीय नागरिकों को रोजाना आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस समस्या को लेकर नगर परिषद को कई बार लिखित शिकायतें दी जा चुकी हैंए लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। यह मार्ग नगर का प्रमुख संपर्क मार्ग हैए जिससे प्रतिदिन शासकीय महाविद्यालयए छात्रावासए स्कूलों में आने.जाने वाले छात्र.छात्राएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण और नगरवासी गुजरते हैं।






बारिश के दौरान पुल पर पानी भर जाने से लोगों को गंदे पानी के बीच होकर निकलना पड़ता है। तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहनों के कारण सड़क पर भरा पानी राहगीरों और विद्यार्थियों के कपड़ों पर उछल जाता हैए जिससे उन्हें काफी असुविधा होती है। कई छात्र.छात्राएं गंदे कपड़ों के साथ ही स्कूल और कॉलेज पहुंचने को मजबूर हो जाते हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार पुल और आसपास की नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से जल निकासी बाधित रहती है। यही वजह है कि मामूली बारिश में भी सड़क पर जलभराव हो जाता है। नागरिकों का आरोप है कि मोहल्लेवासियों और शासकीय महाविद्यालय के शिक्षकों ने भी इस समस्या को लेकर नगर परिषद को लिखित आवेदन सौंपा थाए लेकिन शिकायतों के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है।

बारिश का मौसम शुरू होने के साथ ही समस्या और गंभीर होती जा रही है। यदि समय रहते जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में जलभराव बढ़ने के साथ दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ सकती है।स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद से पुल और नालियों की तत्काल सफाई कराने तथा स्थायी जल निकासी व्यवस्था विकसित करने की मांग की हैए ताकि आम नागरिकों और विद्यार्थियों को राहत मिल सके। उनका कहना है कि नगर परिषद को केवल सफाई अभियान चलाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 10 को

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारत शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन संसदीय क्षेत्र शहडोल की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह की अध्यक्षता में 10 जुलाई को अपरान्ह 2 बजे से कलेक्ट्रेट नर्मदा सभागार अनूपपुर में किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने बताया है कि बैठक में एजेंडा बिंदु विभागों के भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की जावेगी।

### जैतहरी टीआई अमर वर्मा लाइन अटैच, प्रशासनिक आदेश के बाद चर्चाओं का दौर

**अनूपपुर।** जैतहरी थाने में पदस्थ टीआई अमर वर्मा को पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब द्वारा प्रशासनिक आधार पर लाइन अटैच किए जाने का आदेश जारी किया गया है। आदेश के बाद जिले में इस कार्रवाई को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। हालांकि आदेश में लाइन अटैच किए जाने का कारण केवल प्रशासनिक बताया गया है। जानकारी के अनुसार टीआई अमर वर्मा के विरुद्ध पूर्व में विभिन्न मामलों को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष शिकायतें प्रस्तुत की गई थीं। शिकायतों में सेवा नियमों के कथित उल्लंघन, विभागीय अनुमति के बिना भूमि क्रय, सरकारी आवास से जुड़े मामलों सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं ने इन मामलों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की थी। सूत्रों के अनुसार इन शिकायतों की प्रतिलिपियां पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई थीं। इसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा टीआई अमर वर्मा को लाइन अटैच करने का आदेश जारी किया गया। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि लाइन अटैच करने की कार्रवाई शिकायतों के आधार पर की गई है या सामान्य प्रशासनिक व्यवस्था के तहत। आदेश में केवल प्रशासनिक कारणों का उल्लेख किया गया है। ऐसे में अब निगाहें इस बात पर हैं कि शिकायतों में लगाए गए आरोपों की विभागीय जांच होती है या नहीं।

### अनूपपुर में हाथियों का आतंक जारी, एक हाथी पहुंचा छत्तीसगढ़, तीन भोलगढ़ के जंगल में डटे

**अनूपपुर।** जिले के अनूपपुर और जैतहरी वन क्षेत्र में चार जंगली हाथियों का दल पिछले एक सप्ताह से ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। हाथियों का समूह तीन और एक की संख्या में बंट गया है। दिनभर जंगलों में विश्राम करने के बाद शाम ढलते ही ये हाथी जंगल से सटे गांवों में पहुंचकर मकानों में तोड़फोड़ कर रहे हैं और खेतों-बाड़ियों में लगी फसलों तथा सब्जियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वन विभाग के अनुसार एक बड़ा नर हाथी अपने तीन साथियों से अलग होकर धनगवां बीट के आमापानी जंगल में दिनभर ठहर रहा है। रात होते ही वह ग्राम पंचायत पड़रिया के चोई गांव के भलुवान टोला और पडमनिया टोला में पहुंचकर कई घरों में नुकसान पहुंचा चुका है। हाथी ने घरों में रखे अनाज को भी बर्बाद किया और खेतों व बाड़ियों में लगी फसलों को रौंद दिया। इसके बाद वह गुजरनाला पार कर छत्तीसगढ़ के सिवनी वन बीट के मालाडांड, पथर्री, पडरी और चरचेडी होते हुए घुसरिया बीट के जंगल में पहुंच गया।

# संभागायुक्त धनंजय सिंह ने बजाग विकासखंड का किया दौरा

### स्कूलों और छात्रावासों में प्रवेश अभियान चलाने के दिए निर्देशए योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

डिंडौरी।

संभागायुक्त धनंजय सिंह ने शनिवार को डिंडौरी जिले के आकांक्षी एवं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य विकासखंड बजाग का दौरा कर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को शिक्षाए स्वास्थ्यए कृषि और जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।दौरे के दौरान संभागायुक्त ने हाईस्कूल सरवाही का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली और नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर हर्रा टोला पहुंचकर दवाइयों की उपलब्धताए वितरण व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। इसके अलावा सहकारी संस्था का निरीक्षण कर खाद वितरण व्यवस्था का जायजा लिया।मझियाखार में किसान जितेंद्र साहू द्वारा विकसित जैविक उद्यानिकी मॉडल का अवलोकन करते हुए उन्होंने किसानों से उद्यानिकी विभाग की योजनाओं का लाभ लेकर आधुनिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान किया। वहीं ग्राम पंचायत चांडा स्थित वन्या रेडियो सेंटर का भी निरीक्षण किया।



#### स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष जोर

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरवाही में आयोजित स्वास्थ्य एवं पोषण प्रबंधन कार्यशाला.सह.समीक्षा बैठक में संभागायुक्त ने गर्भवती महिलाओं का शत.प्रतिशत एएनसी पंजीयनए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनाए टीकाकरण एवं कुपोषण मुक्ति अभियान पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों में दर्ज बच्चों के पोषण प्रबंधन की नियमित समीक्षा करने तथा प्रत्येक माह स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए। एएनसी पंजीयन और टीकाकरण में कम प्रगति वाले अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेने के भी निर्देश दिए गए।

भ्रमण के बाद कलेक्टर कार्यालय डिंडौरी में आयोजित समीक्षा बैठक में संभागायुक्त ने राजस्व प्रकरणों का समय.सीमा में निराकरणए सड़क सुरक्षा के लिए ब्लैक स्पॉट्स की पहचानए वन अधिकार अधिनियम के लंबित मामलों तथा पीएम राहत से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा की।उन्होंने जिले के सभी स्कूलों एवं छात्रावासों में विद्यार्थियों के नामांकन और प्रवेश को अभियान के रूप में संचालित करनेए शत.प्रतिशत अपार आईडी निर्माण तथा समय पर पाठ्यपुस्तकों के वितरण के निर्देश दिए। साथ ही सीएम राइज स्कूलों के सुव्यवस्थित संचालन एवं विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजनाए संबल योजनाए जल गंगा संवर्धन अभियानए पीएम जनमनए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनाए जल जीवन मिशन सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। संभागायुक्त ने खाद वितरण ई.विकास प्रणाली के माध्यम से सुनिश्चित करनेए खाद.बीज एवं कीटनाशकों की गुणवत्ता की नियमित जांच करने तथा अमानक सामग्री मिलने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने प्राकृतिक खेतीए नरवाई प्रबंधनए पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग की योजनाओंए सहकारिता विभाग द्वारा अल्पकालीन ऋण वितरण तथा माइक्रो क्रेडिट को बढ़ावा देने संबंधी कार्यों की भी समीक्षा की।संभागायुक्त ने सभी छात्रावासोंए स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में भोजन की गुणवत्ताए पेयजल टंकियों की नियमित साफ.सफाई और जल परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विभागीय योजनाओं में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश भी दिए।इस दौरान कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरियाए पुलिस अधीक्षक आशीष खरेए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# आकाशीय बिजली गिरने से बैल की मौत

शहपुरा।

शहपुरा विकासखंड के ग्राम भिलाई माल में रविवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से एक बैल की मौत हो गई। घटना से किसान को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।जानकारी के अनुसारए रविवार शाम करीब 5 बजे क्षेत्र में हल्की बारिश के दौरान तेज गर्जना और चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरी। किसान जुताई का कार्य पूरा करने के बाद अपने बैलों को चरने के लिए खेत में छोड़कर घर लौट गया था। इसी दौरान एक बैल आकाशीय बिजली की चपेट में आ गयाए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पशु चिकित्सा विभाग को जानकारी दी। सूचना पर विभागीय अमला घटनास्थल पहुंचा तथा पंचनामा सहित आवश्यक कार्रवाई शुरू की। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित किसान को शासन के नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।बरसात के मौसम में आकाशीय बिजली गिरने की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर प्रशासन ने नागरिकों से खराब मौसम के दौरान खुले स्थानोंए खेतों तथा पेड़ों के नीचे जाने से बचने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। साथ ही मौसम खराब होने पर आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह भी दी गई है।



### रास्ते में बढ़ी प्रसव पीड़ा, 108 स्टाफ ने एम्बुलेंस में कराया सुरक्षित प्रसव

**डिंडोरी।** जिले के शाहपुर विकासखंड के बरगई गांव से प्रसव पीड़ा से पीड़ित महिला को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल डिंडोरी लाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में महिला का प्रसव पीड़ा तेज हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए 108 एम्बुलेंस के चालक ओमप्रकाश कश्यपए ईएमटी संजय कश्यप एवं साथ मौजूद आशा कार्यकर्ता ने सूझबूझ और तत्परता का परिचय देते हुए एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया।

जानकारी के अनुसारए लेबर पेन की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस को तत्काल डिंडोरी से बरगई गांव के लिए रवाना किया गया। टीम ने समय पर गांव पहुंचकर गर्भवती महिला को प्राथमिक देखभाल के साथ अस्पताल के लिए रवाना कियाए लेकिन रास्ते में ही प्रसव पीड़ा अत्यधिक बढ़ गई। ऐसे में एम्बुलेंस स्टाफ और आशा कार्यकर्ता ने आवश्यक सावधानियां बरतते हुए सफलतापूर्वक प्रसव कराया।प्रसव के बाद जच्चा और नवजात दोनों को तत्काल 108 एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर पहुंचाया गयाए जहां चिकित्सकों की निगरानी में दोनों का उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार जच्चा और नवजात दोनों पूरी तरह सुरक्षित एवं स्वस्थ हैं।

# शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन

अमरपुर।

शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में आयोजित तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं प्रवेश प्रभारी आशीष कुमार मरावी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।दीक्षारंभ कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं स्टाफ ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें महाविद्यालय की शैक्षणिकए सांस्कृतिक एवं सह.पाठ्यक्रम गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। सहायक प्राध्यापक डॉ सीमा डावर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि महाविद्यालय में नियमित अध्ययन के साथ युवा उत्सवए सांस्कृतिक कार्यक्रमए जिलाए संभाग एवं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओंए स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ तथा राष्ट्रीय सेवा योजना ;एनएसएसद्ध जैसी गतिविधियों में भाग लेने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग की बुक बैंक योजना के अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकें एवं स्टेशनरी उपलब्ध कराए जाने की जानकारी भी दी।



क्रीड़ा अधिकारी डॉ पुष्पेंद्र तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न अंतरराज्यीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ खेल एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।प्रवेश प्रभारी आशीष कुमार मरावी ने बताया कि महाविद्यालय में वर्तमान में कॉलेज लेवल काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया जारी है। जो विद्यार्थी अब तक प्रवेश लेने से वंचित रह गए हैंए वे 1 जुलाई से 15 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होकर महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ सुनील कुमार काकोड़ियाए प्रदीप कहारए कैलाश प्रसाद लखेराए दीपचंद गुप्ताए डॉ राकेश पटलेए समीर धुर्वेए ओमकार वाटियाए सहज सिंह मरावीए कमलेश वास्पे सहित महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में नवप्रवेशी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# एसडीएम रामबाबू देवांगन ने किया वाटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण

डिंडौरी।

नगरवासियों को स्वच्छ एवं निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एसडीएम रामबाबू देवांगन ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ नगर परिषद के वाटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थिति में नगर की पेयजल आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। इसके लिए फिल्टर प्लांट पर कर्मचारियों की 24 घंटे ड्यूटी सुनिश्चित करने तथा आवश्यक निगरानी बनाए रखने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिए। साथ ही तकनीकी खराबी की स्थिति में जलापूर्ति प्रभावित न होए इसके लिए आवश्यक मोटर एवं अन्य उपकरणों की शीघ्र खरीदी करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण में फिल्टर प्लांट में फिटकरीए चुना एवं ब्लीचिंग पाउडर की पर्याप्त उपलब्धता पाई गई। साथ ही प्लांट परिसर की नियमित साफ.सफाई की व्यवस्था भी संतोषजनक मिली। एसडीएम ने परिसर में लंबे समय से पड़े अनुपयोगी एवं कबाड़ उपकरणों का निरीक्षण कर उनकी शीघ्र नीलामी कराने और परिसर को व्यवस्थित एवं स्वच्छ बनाए रखने के निर्देश दिए।एसडीएम रामबाबू देवांगन ने कहा कि नगरवासियों को स्वच्छ और नियमित पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि पेयजल व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### सीएमओ ने पेयजल व्यवस्था का किया निरीक्षण फिल्टर प्लांट पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजाए कमियां मिलने पर सुधार के दिए निर्देश



**शहपुरा।** नगर परिषद शहपुरा के नवपदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी ;सीएमओद्ध दिनेश कुमार धानेश्वर ने सोमवार को नगर की पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जल स्त्रोत और फिल्टर प्लांट पहुंचकर जलापूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान सीएमओ सबसे पहले बिलगड़ा स्थित जल स्त्रोत पहुंचेए जहां से नगर में पेयजल की आपूर्ति की जाती है। इसके बाद उन्होंने शारदा टेकरी स्थित फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर जल शोधन प्रक्रियाए स्टोरेज टैंकों की साफ.सफाई और फिल्ट्रेशन व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से जलापूर्तिए रखरखाव तथा तकनीकी व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान कुछ कमियां सामने आने पर सीएमओ ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल व्यवस्था नियमित और सुचारु बनी रहेए इसके लिए आवश्यक सुधार समय पर किए जाएंए ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## खबर संक्षेप

### भेड़ बकरियों की तरह क्षमता से अधिक छात्रों को बिठा रहे गैस किट वाले वाहनों में

**तेंदूखेड़ा।** एक जुलाई से स्कूल शुरू हो गये हैं। और क्षेत्र के विभिन्न प्राइवेट स्कूलों में छात्रों को लाने ले जाने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। कुछ बाहन चालक जिन्होंने अपनी गाड़ियों को स्कूलों में लगा रखा है। नियमों को ताक पर रखकर गैस किट वाली गाड़ियों में क्षमता से भी अधिक बच्चों को भरा जा रहा है। पूर्व में इस दिशा में दंडात्मक कार्यवाही होने के कारण कुछ बाहनों को तो स्कूल प्रबंधनों ने अलग कर दिया है लेकिन कुछ गाड़ी मालिक नियमों को ताक पर रखकर बाहन दौड़ा रहें हैं। मजबूर पालक वर्ग ग्रामीण क्षेत्रों से अपने पाल्यों को भेजने के लिए मजबूर बनें हुए हैं।आने वाले समय में किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित हो इसे देखते हुए शीघ्र ही इन बाहनों पर भी दंडात्मक कार्यवाही आवश्यक हो गया है।

### 79 पांडुलिपियों को पोर्टल पर किया गया अपलोड



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में जिले की प्राचीन धरोहरों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पुरानी बस्ती नरसिंहपुर में संरक्षित 72 पांडुलिपियों और नरसिंहपुर निवासी श्री हरिश्चंद्र अग्रवाल द्वारा संरक्षित 7 पांडुलिपियों सहित कुल 79 पांडुलिपियों का संरक्षण कर उन्हें ज्ञान भारतम पोर्टल पर सफलता पूर्वक अपलोड कराया गया है।

### निराश्रित गौवंश का किया उपचार



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस मिलन समिति के सदस्यों तथा जागरूक नागरिकों द्वारा निराश्रित गौवंश अज्ञात कारणों से आई चोटों के कारण पैर टूट गया था जिसे मिलन समीति के सदस्यों तथा जागरूक नागरिकों द्वारा उपचार हेतु स्थानीस पशु स्वास्थ्य केन्द्र ले जाकर उपचार कराया गया जहां डाक्टरों की निगरानी में उपचार किया जावेगा। स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि उक्त गौवंश बीते चार दिनों से पीड़ति था जिसकी देखरेख स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही थी मिलन समिति द्वारा गौ सेवक मोहित सराठे द्वारा मार्गदर्शन किया गया ।

### विद्यार्थियों को वितरित गई साइकिल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में म.प्र. शासन की निशुल्क साइकिल योजना अंतर्गत साइकिल वितरण कार्यक्रम का संस्था प्राचार्य जी.एस.पटैल के मार्गदर्शन में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शास्त्री वार्ड पार्षद श्रीमती सुषमा तिवारी ने अपनी महात्व्पूर्ण उपस्थिति प्रदान की। शासन की योजनांतर्गत विद्यालय के पात्र 12 छात्र एवं 12 छात्राओं को निशुल्क साइकिल प्रदान की। श्रीमती तिवारी ने छात्र-छात्राओं को शासन की योजना से अवगत कराते हुए शुभकामना प्रदान की और नियमित विद्यालय आने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में निशुल्क सायकिल योजना प्रभारी श्रीमती प्रीति पाराशर, उ.मा.शि., श्रीमती शिवानी चौरासिया उ.मा.शि., श्रीमती पुष्पा दुबे प्रयोगशाला सहायक, श्रीमती रचना लोधी उ.मा.शि., श्रीमती दीपमाला धुर्वे सहित समस्त विद्यालय स्टॉफ ने अपनी सहभागिता प्रदान की। अंत में आर.एन.रावत उ.मा.शि. द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## प्राचार्य व शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारी ने दिए निर्देश

# बरसात में बच्चों की सुरक्षा व स्वास्थ्य का रखा जाए ध्यान

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट है तथा जर्जर भवनों जमींदोज करने एवं जर्जर भवनों को चिन्हित कर जागरूकता बोर्ड लगाए गए तथा लोगों को उक्त भवनों से दूर रहने की सलाह दी गई है। इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राचार्य तथा शिक्षकों को बच्चों के प्रति सजग रहने एवं स्वास्थ्य को लेकर जागरूक रहने के निर्देश दिए गए। जारी निर्देश में कहा गया है कि वर्षाकाल के दौरान विद्यालयों में विद्यार्थियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छ वातावरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा ने समस्त संस्था प्रमुखों, प्राचार्यों और शिक्षकों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि किसी भी स्थिति में बच्चों को जर्जर भवन अथवा असुरक्षित कक्षों में न बैठाया जाए और विद्यालय परिसरों में सभी व्यवस्थाएं तत्काल दुरुस्त कराई जाएं।





### असुरक्षित भवनों में ना हो कक्षाओं का संचालन

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कुशवाहा ने निर्देशित किया है कि जिन विद्यालयों में भवन या कक्ष जर्जर स्थिति में हैं, वहां तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। यदि कोई कक्ष उपयोग योग्य नहीं है तो उसे तत्काल बंद कर ताला लगाया जाए। वहीं संपूर्ण भवन असुरक्षित पाए जाने की स्थिति में कक्षाओं के संचालन के लिए वैकल्पिक सुरक्षित भवन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वर्षाकाल में विद्यालय परिसरों में विद्युत सुरक्षा पर भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। खुले विद्युत तार, क्षतिग्रस्त स्विच बोर्ड, अव्यवस्थित वायरिंग तथा करंट फैलने की आशंका वाले सभी बिंदुओं को तत्काल दुरुस्त कराने को कहा गया है। साथ ही स्कूल परिसर, खेल मैदान और भवनों के आसपास अनावश्यक झाड़ियों, गंदगी, जलभराव और गड्ढों को तुरंत साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सर्पदंश, कीट-पतंगों और फिसलन जैसी घटनाओं की आशंका को रोका जा सके। उन्होंने पेयजल एवं मध्यान्ह भोजन व्यवस्था को लेकर भी कड़े निर्देश दिए हैं।

### स्वास्थ्य के प्रति रहे जागरूक

विद्यालयों में पानी की टंकियों, हैंडपंपों एवं अन्य पेयजल स्त्रोतों की नियमित साफ-सफाई, भोजन कक्ष और रसोईघर की स्वच्छता तथा भोजन को ढककर सुरक्षित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। उन्होंने बरसात के मौसम में गंदगी, मक्खियों और कीट-पतंगों के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, इसके लिए किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण को भी विशेष महत्व दिया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों के व्यवहार, खान-पान, ऊर्जा स्तर, दिनचर्या और स्वास्थ्य संबंधी लक्षणों पर नियमित नजर रखने के निर्देश दिए। यदि किसी बच्चे में अस्वस्थता, कमजोरी या असामान्य व्यवहार दिखाई दे तो तत्काल अभिभावकों से संपर्क कर आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण कराना सुनिश्चित किया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी विद्यालय के प्रमुखों से कहा है कि वे इन निर्देशों का गंभीरता से पालन कर विद्यालयों में सुरक्षित, स्वच्छ और छात्र हितैषी वातावरण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा की निरंतरता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### 88 जर्जर भवन चिन्हित, लगाए चेतावनी बोर्ड

वर्षा ऋतु को देखते हुए जिला प्रशासन एवं नगरीय प्रशासन विभाग ने जन सामान्य की सुरक्षा के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से जिले के सभी नगरीय निकायों में जर्जर एवं खतरनाक भवनों का सर्वेक्षण कर उनका चिन्हांकन किया गया है। सर्वेक्षण में जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में कुल 88 जर्जर भवन चिन्हित किए गए हैं। इनमें 14 शासकीय एवं 74 निजी भवन शामिल हैं। सभी संबंधित भवन स्वामियों एवं विभागों को नियमानुसार नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। साथ ही नागरिकों को सतर्क करने के लिए प्रत्येक चिन्हित भवन पर चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए हैं। नरसिंहपुर में 24 जिनमें 5 शासकीय एवं 19 निजी भवन शामिल है गाडरवारा में 16 जर्जर भवन, जिनमें 1 शासकीय एवं 15 निजी भवन शामिल हैं। करेली में 18 जर्जर भवन चिन्हित, जिनमें 2 शासकीय एवं 16 निजी भवन हैं। गोटेगांव में 21 तेंदुखेड़ा में 5 चीचली 4 तथा साईंखेड़ा एवं सालीचैका सर्वेक्षण के दौरान कोई भी जर्जर भवन नहीं पाया गया।

# राजीव किशोर श्रीवास्तव बने उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसा से स्थानांतरित प्रभारी डाइट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव ने स्थानांतरण उपरांत अपनी नवीन पदस्थापना संस्था शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में प्राचार्य पद का विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने से पूर्व उन्होंने विद्यालय परिसर में मां सरस्वती जी का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा शिक्षा के पवित्र दायित्व के निर्वहन का संकल्प लिया। पदभार ग्रहण उपरांत श्री श्रीवास्तव ने विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, व्यवस्थाओं तथा वर्तमान प्रगति की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिवार से अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि उत्कृष्ट शिक्षण कार्य, समयबद्ध पाठ्यक्रम पूर्णता,



अनुशासन, नियमितता एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने आशा जताई कि विद्यालय परिवार समर्पण, जिम्मेदारी और सकारात्मक सहयोग के साथ कार्य करते हुए संस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रेरणादायी वातावरण और समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण कराने की दिशा में सभी शिक्षक नियमित रूप से अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता, परीक्षा परिणाम, अनुशासन एवं नवाचार आधारित शिक्षण पद्धति को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। विद्यालय परिवार ने भी नवागत प्राचार्य श्री श्रीवास्तव का आत्मीय स्वागत करते हुए उनके नेतृत्व में संस्था के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाए जाने की आशा व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण उत्साह, सकारात्मकता और नई कार्यऊर्जा से परिपूर्ण दिखाई दिया।

## दिवंगत श्री नेमा व श्री दुबे को दी गई श्रद्धांजलि



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के पूर्व सचिव स्व. सी बी नेमा एवं स्व. प्रफुल्ल दुबे को रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों द्वारा कार्यालय में श्रद्धांजलि दी गई। उक्त मौके पर डॉ अनंत दुबे चेयरमैन रेड क्रॉस सोसाइटी, लाल साहब जाट कोषाध्यक्ष, चो, चंद्रशेखर साहू संरक्षक सदस्य, डॉ, आशीष उपाध्याय, एस, के, चतुर्वेदी जिला प्रवक्ता, श्रीमती संगीता दीक्षित कार्यालय सहायक, राजेंद्र नेमा, रोहित मेहरा, चंदन चैधरी, शकील खान सहित सभी ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्व श्री प्रफुल्ल दुबे के अनुज डॉ अनंत दुबे एवं स्व, सी, बी, नेमा के सुपुत्र विवेक नेमा एवं भतीजे विनीत नेमा द्वारा अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर,सभी उपस्थित जनों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। अंत में दो मिनट का मौन रखकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## घर में सोते समय हुई घटना, पुलिस ने शुरू की जांच



**गोटेगांव।** विकासखंड गोटेगांव के ग्राम पुरा दफाई में जहरीले जंतु के डसने से 25 वर्षीय महिला की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार दुर्गाबाई ठाकुर (25), पति बुधराज ठाकुर, निवासी पुरा दफाई, बीती रात अपने घर में सो रही थीं। इसी दौरान किसी जहरीले जंतु ने उन्हें काट लिया, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। थाना गोटेगांव पुलिस ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर पंचनामा कार्रवाई के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। मृतका अपने पीछे दो छोटे बच्चों को छोड़ गई हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बारिश के मौसम में जहरीले जंतुओं से बचाव के लिए लोगों से रात में मच्छरदानी का उपयोग करने, घर के आसपास साफ-सफाई और पर्याप्त रोशनी रखने की अपील की है।

### अक्षय काया योग द्वारा परामर्श आज

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** अक्षय काया योग सेंटर द्वारा निशुल्क योग परामर्श का आयोजन किया जा रहा है। उक्त संबंध में संचालक आशीष नेमा द्वारा बताया गया कि योग के द्वारा अनेक लोगों को लाभ पहुंचाने तथा विभिन्न बीमारियों जैसे मेरुदंड, कमर, सर्वाइकल, थाइराइड, डायबिटीज, मोटापा, फ्रोजन शोल्डर, हार्ट, घुटनों का दर्द, वेरीकोज वेन्स, साईटिका आदि अन्य बीमारियों के निदान के लिए प्रति रविवार को निशुल्क परामर्श दिया जाएगा।

## सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर के वाणिज्य विभाग में पदस्थ वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सतीश दुबे का 43 वर्षों की शासकीय सेवा के उपरांत सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. के. एल. साहू, डॉ. ऊषा वर्मा, डॉ. चित्रा द्विवेदी, डॉ. नागेन्द्र सिंह, श्रीमती पुष्पलता चैबे एवं श्रीमती रेखा दुबे तथा संस्था के प्राचार्य डॉ. आर.बी. सिंह मंचासीन रहे। विदाई समारोह के इस अवसर पर



महाविद्यालय परिवार की ओर से डॉ. सतीश दुबे का पुष्पगुच्छ, साल-श्रीफल तथा अभिनंदन पत्र से स्वागत किया गया। डॉ. सतीश दुबे ने उद्बोधन में शैक्षणिक जगत में 43 वर्ष के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि महाविद्यालय भी मेरे लिए परिवार ही रहा है, और महाविद्यालय के प्रति मेरा कर्तव्य आजीवन रहेगा। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए महाविद्यालय परिवार को अग्रिम शुभकामनायें देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। विभागाध्यक्ष गणित डॉ. गनेश कुमार सोनी ने स्व-रचित सम्मान पत्र का वाचन किया। जिसको संस्था के प्राचार्य ने उन्हें ससम्मान भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नमिता साहू ने किया, तथा आभार प्रदर्शन डॉ. एस. के. उप्रेलिया विभागाध्यक्ष भूगोल द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ए.के. राय, डॉ. आलोक तिवारी, डॉ. आर.पी. आम्रवंशी, डॉ. जी.एस.मर्सकोले एवं महाविद्यालय का समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने गोटेगांव को दी तवज्जो, जिला कार्यकारिणी में लगभग एक दर्जन नेताओं की एंट्री



**प्रदेश नेतृत्व की अनुशंसा पर मिली जिम्मेदारी, संगठन मजबूत करने का आह्वान**

**गोटेगांव।** जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी में गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र-118 के लगभग एक दर्जन नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्तियां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद प्रजापति, जिला प्रभारी आलोक मिश्रा एवं जिला अध्यक्ष सुनीता पटेल की अनुशंसा पर की गई हैं। नगर कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण तिवारी ने बताया कि नवनियुक्त पदाधिकारियों में तरवर सिंह पटेल, चंद्र प्रकाश नेमा, सरदार सिंह राजपूत, अरुण राय, मुकेश कटारे, गुलाब सिंह लोधी, गणेश पटेल, उत्तम ठाकुर, दीपक गुप्ता एवं अमित तिवारी सहित अन्य नेताओं को शामिल किया गया है।नियुक्तियों पर नगर कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, किसान कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, महिला कांग्रेस एवं एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दीं। लक्ष्मी नारायण तिवारी ने कहा कि सभी पदाधिकारी पार्टी हित में निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें।गोटेगांव से बड़ी संख्या में नेताओं को जिला कार्यकारिणी में स्थान मिलने से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। माना जा रहा है कि आगामी चुनावों को देखते हुए संगठन में नए चेहरों को अवसर दिया गया है।

# पौधारोपण को लेकर इमझिरा से तेंदूखेड़ा के बीच पदयात्रा आज

**तेंदूखेड़ा।** हमें हमारे आसपास का वातावरण साफ स्वच्छ भरा रखने की हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।साथ ही पर्यावरण संरक्षण सुरक्षा की दिशा में केवल औपचारिकता ना दिखाकर धरातल पर काम करने की जरूरत है।इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए योगदान सेवा समिति पिछले कई वर्षों से इस अभियान में संलग्न रहते हुए अपनी एक अलग पहचान बना चुकी है।आज तेंदूखेड़ा से इमझिरा के बीच पदयात्रा निकाल कर नीम के पौधे रोपने का काम शुरू होगा और लोगों को जागरूक करते हुए इन पौधों की रक्षा का संकल्प भी दिलाया जायेगा।सुबह नौ बजे से शुरू हो रहे इस अभियान को सफल बनाने की अपील योगदान सेवा समिति द्वारा की गई है।

## राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ कल सौंपेगा ज्ञापन

**तेंदूखेड़ा ।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ जिला इकाई नरसिंहपुर द्वारा 100 प्रतिशत मूंग नहीं खरीदी जाने एवं समय पर खाद नहीं मिलने को लेकर संघ के जागरूक किसान एवं मजदूर साथियों के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम तेंदूखेड़ा को सोमवार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघ के सदस्यों का कहना है कि यदि हमारी मांगे नहीं मानी जाएगी तो आने वाले समय में वृहद स्तर पर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ ने क्षेत्र के सभी किसानों से कृषि उपज मंडी परिसर में दोपहर एक बजे बड़ी संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

# शिक्षकों के साथ छात्रों ने भी विद्यालय परिसर में किया पौधरोपण



**तेंदूखेड़ा।** वन प्रकृति का श्रंगार हुआ करते हैं।इनसे हमें वेशकीमती लकड़ी के साथ साथ प्राण वायु भी मुफ्त में प्राप्त होती है।पर्यावरण संरक्षण सुरक्षा और हरियाली बढ़ाने के लिए शासन द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय छत्तरपुर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। जिसमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधारोपण किया। प्रधानपाठक ने लोगों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रत्येक व्यक्ति से अपनी माँ के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने की अपील करते हुए कहा कि पौधारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण देने की जिम्मेदारी है। समापन सभी छात्रों के द्वारा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने के संकल्प के साथ हुआ।